पत्रांक–9A/राजस्व महाभियान–07–11/2025.........2961-(9A)...

**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

प्रेषक,

**दीपक कुमार सिंह,** भा0प्र0से0
**अपर मुख्य सचिव।**

सेवा में,

**सचिव,**
**समाज कल्याण विभाग।**

पटना–15, दिनांक– 18/8/25

विषय :– राजस्व महाअभियान में आँगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहयोगियों की सहभागिता के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा 16 अगस्त, 2025 से 20 सितम्बर, 2025 तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है, जिसके संबंध में विभाग से निर्गत पत्रांक–2786(9ए) दिनांक–29.07.2025 एवं पत्रांक–2809(9ए) दिनांक–01.08.2025 की प्रति संलग्न है। अभी मुख्य तौर पर ऑनलाईन जमाबंदियों की प्रति को अंचल में बने माइक्रो प्लान के अनुसार प्रत्येक राजस्व मौजा में जाकर प्रत्येक रैयत को वितरित करना है। चूंकि आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहयोगियों को स्थानीय परिवारों के बारे में जानकारी रहती है एवं वे आसानी से पहचान कर सकती हैं, इसलिए वितरण में उनका सहयोग महत्वपूर्ण रहेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त कार्य के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहयोगियों को आंगनबाड़ी संचालन अवधि के बाद जमाबंदी वितरण दल को सहयोग करने हेतु विभागीय, जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहयोगियों को निदेशित करने की कृपा की जाए। संबंधित अंचलाधिकारी जो अंचल स्तरीय समिति के समन्वयक हैं वे संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से नाम प्राप्त कर उन्हें संबंधित जमाबंदी वितरण दल के साथ संबद्ध कर देंगे।

अनुरोध है कि आपके द्वारा निर्गत पत्र की प्रति अधोहस्ताक्षरी को भी देने की कृपा की जाए ताकि उसे अंचलाधिकारियों को उपलब्ध कराया जा सके।

विश्वासभाजन

01

(दीपक कुमार सिंह)

ज्ञापांक–9A/राजस्व महाभियान–07–11/2025........2961-(9A)..दिनांक– 18/8/25

प्रतिलिपि :– सभी प्रमंडलीय आयुक्त,बिहार/सभी समाहर्त्ता, बिहार/सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार/सभी भूमि सुधार उप–समाहर्त्ता, बिहार/ सभी अंचलाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

18/8/25

(दीपक कुमार सिंह)

ज्ञापांक–9A/राजस्व महाभियान–07–11/2025........2961-(9A)..दिनांक– 18/8/25

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

18/8/25

(दीपक कुमार सिंह)